जेएसडब्लू सीमेंट 3200 करोड़ से अधिक का निवेश करेगा

नई दिल्ली। जेएसडब्लू सीमेंट ने मध्य प्रदेश में एकीकृत ग्रीन फील्ड सीमेंट निर्माण सुविधा के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में एक स्प्लिट ग्राइंडिंग इकाई की स्थापना के लिए 3200 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की योजना बनाई है। सम्मिलित रूप से इन दोनों इकाइयों की सीमेंट उत्पादन क्षमता 5 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष होगी। निवेश के इस प्रस्ताव के अंतर्गत मध्य प्रदेश में 2.5 क्लिंकर क्षमता, 2.5 मीट्रिक टन ग्राइडिंग ग्राइंडिंग क्षमता और 15 एमडब्लू की क्षमता वाले वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम के साथ एक एकीकृत सीमेंट संयंत्र की स्थापना तथा आधुनिक सुविधाओं वाली आवासीय कॉलोनी के निर्माण के साथ साथ उत्तर प्रदेश में 2.5 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष की क्षमता वाली ग्राइंडिंग इकाई की स्थापना शामिल है।

ऑडी रिटेल में विस्तार जारी, प्लस फैसिलिटी का शुभारम्भ

लखनऊ। जर्मनी की लक्जरी कार निर्माता ऑडी ने आज यहां नई प्री ओन्ड कार फैसिलिटी ऑडी अप्रूव्ड प्लस का शुभारम्भ किया है। यह फैसिलिटी चिलावन, कानपुर रोड में स्थित है। यह देश में ऑडी इंडिया की 19वीं फैसिलिटी है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा आज हमने अपनी 19वीं ऑडी अप्रूव्ड प्लस फैसिलिटी का उद्घाटन किया है। लखनऊ लगातार ऑडी इंडिया के लिये एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है और हमें विश्वास है कि इस शहर में ग्राहकों को हमारी प्री ओन्ड कार फैसिलिटी सेफायदा होगा।

अमेजन पे के ऑफर की घोषणा

बेंगलुरू। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के हिस्से के रूप में अमेजन पे ने विन ए सुपर ऑफर की घोषणा की। यह खास पेशकश ग्राहकों को अपनी पसंद के शॉपिंग ऑफर को क्लेम करने की सुविधा प्रदान करती है। विन ए सुपर ऑफर के लिए ग्राहक इन तीन आसान चरणों का पालन कर सकते हैं। गिरीश कृष्णन, डायरेक्टर, रिवाड्र्स एंड मर्चेंट सर्विसेज, अमेजन पे ने कहा अमेजन पे पर हम अपने ग्राहकों की सेवा करते हुए और उन्हें अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 के दौरान एक बेजोड़ खरीदारी अनुभव का आनंद लेने में मदद करते हुए बेहद खुश हैं। ग्राहक हमेशा ही एक ऐसा खास और उपयोगी डिजिटल भुगतान अनुभव चाहते हैं जो उनके लिए लाभदायक हो।

हायर ने उतारी नई वाशिंग मशीन

मुम्बई। हायर ने अपनी नई एआई इनेबल्ड वाशिंग मशीन की श्रृंखला हायर 979 फ्रंट लोड वाशिंग मशीन को एडवांस सुपर साइलेंट डायरेक्ट मोशन मोटर 52.5 सेमी के ड्रम को लॉन्च किया। हायर के मेड इन इंडिया मेड फॉर इंडिया मिशन को आगे बढ़ाते हुएए कंपनी ने भविष्य के लिए तैयार स्मार्ट होम, एआई और आईओटी सक्षम लॉन्ड्री समाधान प्रदर्शित किए जो नए जमाने की तकनीकों के साथ प्रीमियम वॉश और फैब्रिक देखभाल प्रदान करते हैं।

बंधन बैंक ने गांगुली को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

कोलकाता। बंधन बैंक ने आज घोषणा की कि उसने सौरव गांगुली को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। सौरव गांगुली बैंक के ब्रांड संदेश को बढ़ाने और बैंक के उत्पादों और सेवाओं का समर्थन करने में मदद करेगे। दोनों ब्रांड समान मूल्य साझा करते हैं। गांगुली ने 2000 के दशक की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट टीम के परिवर्तन का नेतृत्व किया, जैसे बंधन ने ग्रामीण और अर्ध शहरी भारत में गैर विशेषाधिकार प्राप्त परिवारों के परिवर्तन का नेतृत्व किया।

त्योहार के मौके पर क्यूनेट की पेशकश

मुम्बई। क्यूनेट ज्वैलरी ने त्योहार के मौके पर उपभोक्ताओं को वन स्टॉप ज्वेलरी समाधान की पेशकश की है और कहा कि उपभोक्ताओं के लिये कई आकर्षिक करने वाली ज्वैलरी के साथ अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। जिनमें पेंडंट और ईयरिंग सेट है जो त्योहारों की खुशी बढ़ाने के साथ ही आपको एक नया आकर्षण प्रदान करेंगे। वहीं 14 कैरट यलो गोल्ड एवं जीएचध्एसआई1 ग्रेड के डायमंड सेट के साथ किन्नरी डेज़ी पेंडंट और ईयरिंग्स मासूम, शुद्ध और तरोताजा छवि प्रदान करते हैं।

मौजूदा कंपनियों के लिए एकल खिड़की प्रणाली के दूसरे चरण की तैयारी शुरू

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय मौजूदा कंपनियों को सभी मंजूरियां एक ही जगह पर देने वाली 'एकल खिड़की प्रणाली' का दूसरा चरण शुरू करने की तैयारी में है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अनुराग जैन ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि उनका विभाग एकल खिड़की प्रणाली के दूसरे चरण को दिसंबर, 2023 तक लाने की तैयारियों में लगा हुआ है। जैन ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा फिलहाल नए निवेश के मामलों में एकल खिड़की के जरिये सभी तरह की मंजूरियां दी जाती हैं। अगर आप कोई नया निवेश कर रहे हैं तो आपको कारोबार शुरू के लिए मंजूरियां मिल सकती हैं। इसका दूसरा चरण लाने पर हमने काम शुरू कर दिया है जिसमें मौजूदा कारोबार के लिए मंजूरियों का प्रावधान होगा। उन्होंने कहा कि पहले से चल रहे कंपनियों के लिए सभी मंजूरियां जुटाने की यह एकल खिड़की होगी। उन्होंने कहा आपके सारे रिटर्न इस एकल खिड़की पर ही होंगे। हमने इस बारे में अंतर-मंत्रालयी परामर्श किया है। मोटे तौर पर हर कोई इसके लिए सहमत है। इससे मौजूदा कारोबार के लिए कामकाज काफी आसान हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार कारोबारी सुगमता को बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले कारोबार शुरू करने के मानकों पर भारत की रैंकिंग नीचे थी लेकिन अब भारत में एक ही दिन में यह काम किया जा सकता है।

रुपये में गिरावट जारी

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया आठ पैसे फिसलकर 82.32 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और निवेशकों के जोखिम लेने से बचने के कारण रुपये के मूल्य में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.26 पर खुला और कारोबार के दौरान 82.12 के उच्चस्तर तक गया और 82.43 के निचले स्तर तक आया। अंत में रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले आठ पैसे की गिरावट लेकर 82.32 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया पांच पैसे टूटकर 82.24 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। सर्राफा विश्लेषक गौरांग सोमैया ने कहा मुद्रास्फीति के आंकड़े उम्मीद के अनुरूप नहीं आने के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया थोड़ा कमजोर हुआ। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.56 प्रतिशत चढ़कर 112.99 पर पंहुचा गया।

एनएसई ने बोर्ड बैठक का ब्योरा एक्सबीआरएल प्रारूप में देने के प्रस्ताव पर कंपनियों से राय मांगी

नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने कंपनियों के निदेशक मंडल की बैठक के निष्कर्षों की जानकारी देने के लिए पीडीएफ के बजाय 'एक्सबीआरएल' प्रारूप का उपयोग करने के प्रस्ताव पर सूचीबद्ध कंपनियों से उनकी राय मांगी है। इससे शेयर बाजार को आंकड़ों का विश्लेषण करने में आसानी होगी। एनएसई ने एक परिपत्र में कहा कि हितधारकों से 15 अक्टूबर तक प्रतिक्रिया मांगी गई है। एक्सबीआरएल (एक्सटेंसिबल बिजनेस रिपोर्टिंग लैंग्वेज) व्यवसाय एवं वित्तीय आंकड़ों के इलेक्ट्रॉनिक संवाद की भाषा है और इसका उपयोग दुनियाभर में कारोबार संबंधी जानकारी देने के लिए किया जाता है। कारोबारी जानकारियों की तैयारी, विश्लेषण एवं संवाद में यह काफी मददगार होती है। नियमों के अनुसार, सूचीबद्ध कंपनियों को शेयर बाजारों को तय समयसीमा के भीतर अनुपालन जानकारी देनी होती है और 2015 के बाद से एक्सबीआरएल आधारित जानकारी भी देना होती है। शेयर बाजार भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के तहत मिलने वाली जानकारी को पीडीएफ से एक्सबीआरएल प्रारूप में चरणबद्ध तरीके से बदलने के प्रयास कर रहे हैं। प्रतिभूति बाजार के आंकड़ों के मानकीकरण के लक्ष्य के साथ सभी कॉरपोरेट फाइलिंग के लिए एक्सबीआरएल को लागू करने का विचार किया गया।

शेयर बाजार में तेजी

मुम्बई। ग्लोबल मार्केट के पॉजिटिव संकेतों का असर भारतीय बाजार पर भी दिखाई दिया। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को बाजार तेजी में बंद हुआ। सेंसेक्स 684 अंकों की तेजी के साथ 57919 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 171 अंक बढ़कर 17185 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी रही। वहीं सिर्फ 10 शेयरों में गिरावट देखने को मिली। इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, एलटी यूपीएल कोटक बैंक समेत 30 शेयर्स निफ्टी 50 के गेनर्स रहे।

सितंबर में थोक मुद्रास्फीति घटकर 10.7 प्रतिशत पर

नई दिल्ली। विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में नरमी, खाद्य वस्तुओं और ईंधन के दाम में कमी आने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) सितंबर में लगातार चौथे महीने घटकर 10.7 प्रतिशत पर आ गई। यह 18 महीने का सबसे निचला स्तर है। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने यानी अगस्त में 12.41 प्रतिशत के स्तर पर थी। यह पिछले साल सितंबर में 11.80 प्रतिशत थी। डब्ल्यूपीआई इस वर्ष मई में 15.88 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में लगातार चौथे महीने गिरावट का रुख देखने को मिला है। सितंबर, 2022 में लगातार 18वें महीने यह दो अंक में रही है। अप्रैल, 2021 से ही यह 10 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, सितंबर, में मुद्रास्फीति में मुख्य रूप से खनिज तेलों, खाद्य वस्तुओं, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, रसायन एवं रासायनिक उत्पाद, मूल धातु, बिजली, कपड़ा आदि की कीमतों में तेजी का योगदान रहा। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि डब्ल्यूपीआई में मासिक आधार पर जो धीरे-धीरे गिरावट आ रही है उसकी मुख्य वजह जिसों के दामों में नरमी आना है। पुनरुद्धार की कुल गति और जिसों के दामों में कमजोरी के परिदृश्य को देखते हुए मुद्रास्फीति और कम होगी। सितंबर में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति घटकर 11.03 प्रतिशत रह गई, जो अगस्त में 12.37 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में सब्जियों की महंगाई बढ़कर 39.66 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 22.29 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में महंगाई दर सितंबर में 32.61 प्रतिशत रही, जो अगस्त में 33.67 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों और तिलहन की मुद्रास्फीति क्रमश: 6.34 प्रतिशत और नकारात्मक 16.55 प्रतिशत थी। एक्यूट रेटिंग्स एंड रिसर्च में मुख्य विश्लेषण अधिकारी सुमन चौधरी ने कहा कि डब्ल्यूपीआई में कमी ईंधन के दाम में नरमी और विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति में कमी की वजह से आ रही है हालांकि, कुछ क्षेत्रों में बिजली के दाम बढ़ने से यह लाभ कुछ कम रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक मुख्य रूप से मौद्रिक नीति के जरिये मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखता है। खुदरा मुद्रास्फीति लगातार नौवें महीने भारतीय रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। सितंबर में यह 7.41 प्रतिशत पर थी।

नेक्स्ट डिजिटल ने वनडिजिटल की घोषणा की

मुम्बई। हिंदुजा ग्रुप के मीडिया और संचार वर्टिकल नेक्स्ट डिजिटल ने वनडिजिटल के लॉन्च की घोषणा की है। यह नए दौर की इंटीग्रेटेड पेशकश है। ग्राहकों के लिए गारंटीशुदा समाधान ब्रॉडबैंड, डिजिटल टीवी, ओटीटी और वॉयस इंटरकॉम से लेकर वाईफाई और सीसीटीवी तक असंख्य डिजिटल सेवाएं प्रदान करता है। जबकि ब्रॉडबैंड पैकेज सिर्फ10 एमबीपीएस से शुरू होते हैं और एक जीबीपीएस तक जाते हैं, वहीं टीवी साल्यूशन ग्राहकों को स्टैंडर्ड और हाई डेफिनेशन में 650 टीवी चैनल देता है। वनडिजिटल ग्राहकों को किसी भी डिवाइस पर . प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय प्लेटफार्मों से 300000 घंटे से अधिक ओटीटी सामग्री तक पहुंच प्रदान करता है। अपने भागीदारों से वीओआइपी वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल समाधान के साथ्ए ग्राहकों के व्यक्तिगत लैंडलाइन नंबर के साथ देश में कहीं भी एक आईपी या दूरसंचार नेटवर्क पर संपर्क किया जा सकता है।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SrDEE-TRD-BSB-2022-23-T07
दिनांक 13.10.2022

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **"खुली" ई-निविदा** आमंत्रित करते हैं: **टेंडर रिफरेंश नं.:** SrDEE-TRD-BSB-2022-23-T07, **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा-गोरखपुर कैंट-पनियाहवा खंड में टीआरआर (एस)-5.000 किमी और सीटीआर (एस)- 0.900 किमी के संबंध में 25 केवी विद्युतीकरण कार्य, **कार्य का अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 36,05,184.98, **धरोहर राशि (₹ में):** ₹ 72,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 04.11.2022 up to 15:00 Hrs, **कार्य पूरा करने की अवधि:** 6 माह। **नोट:** • खुली ई-निविदा दिनांक 04.11.2022 को 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी वाराणसी
मुजाधि/विद्युत-91

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1.** निविदा सं.: वमविइ-टीआरडी- लजं. -ओटी-91, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में सविइ./टीआरडी/लजं. के क्षेत्राधिकार मे विभिन्न इंजीनियरिंग कार्यों के कारण बॉन्ड का प्रावधान। अनुमानित लागत: 13,92,892.80 रू., बयाना राशि: 27,900.00 रू., निविदा मूल्य : 0.00 रू., कार्य सम्पादन की अवधि : 12 माह। **क्र.सं. 2.** निविदा सं.: वमविइ-टीआरडी-लजं-ओटी-92, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में सविइ/टीआरडी/गोंडा के क्षेत्राधिकार मे विभिन्न इंजीनियरिंग कार्यों के कारण बॉन्ड का प्रावधान। अनुमानित लागत : 40,11,947.90 रू., बयाना राशि : 80,200.00 रू., निविदा मूल्य : 0.00 रू., कार्य सम्पादन की अवधि : 12 माह। **क्र.सं. 3.** निविदा सं. : वमविइ-टीआरडी-लजं.-ओटी-93, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में सविइ/टीआरडी/गोरखपुर के क्षेत्राधिकार मे विभिन्न इंजीनियरिंग कार्यों के कारण बॉन्ड का प्रावधान। अनुमानित लागत: 15,76,802.50 रू., बयाना राशि : 31,500.00 रू., निविदा मूल्य : 0.00 रू., कार्य सम्पादन की अवधि : 12 माह। **क्र.सं. 1 से 3 के लिए :** ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय : 09.11.2022 व 15.00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय : 09.11.2022 व 15.30 बजे।

नोट - 1. इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। 2. विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वरि. मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/लखनऊ
मुजाधि/विद्युत – 92

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

सुरक्षा समाधानों को लेकर बढ़ रही जागरूकता

मुम्बई। त्योहारों, शादियों या अन्य सामाजिक समारोहों के दौरान घर पर अपने कीमती सामान पर भारतीय कैसे नजर रखते हैं, हालांकि सुरक्षा समाधानों के बारे में जागरूकता बढ़ रही है जो उपभोक्ताओं को घर पर अपनी संपत्ति और संपत्ति को सुरक्षित करने में सक्षम बनाता है, कीमती सामान हासिल करने के लिए शीर्ष विकल्प घर या बैंक लॉकर में पारंपरिक अलमारी है। गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस के एक प्रभाग, गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने घरेलू सुरक्षा जागरूकता और कार्यान्वयन के बीच बढ़ते अंतर में डिकोडिंग सेफ एंड साउंड इन द इंडियन कॉन्टेक्स्ट शीर्षक से एक अध्ययन किया है। अध्ययन से पता चलता है कि भारतीयों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ तीन प्रमुख संदर्भों पर आधारित है, स्वास्थ्य भलाई, संपत्ति सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सुरक्षा। 38 प्रतिशत उत्तरदाता त्योहारों, शादियों या अन्य सामाजिक अवसरों के दौरान अपना कीमती सामान बैंक लॉकर में रखेंगे। संपत्ति की सुरक्षा पर फिर से जोर दिया गया।

डीसीबी बैंक ने दिया ग्राहकों को ऑफर

मुम्बई। त्योहारों के मौसम में डीसीबी बैंक के पास आकर्षक डीसीबी सावधि जमा ब्याज दरों और डीसीबी सुरक्षा एफडी के साथ अनूठा ऑफर पेश किया है। ये दोनों ऑफर ग्राहकों को अधिक बचत करने और अधिक कमाई करने में सक्षम बनाते हैं। डीसीबी सुरक्षा एफडी की वापसी, सुरक्षा के साथ मुफ्त में पेश किया गया जीवन बीमा प्लान ग्राहकों के लिए एक बेजोड़ लाभ है। डीसीबी सुरक्षा एफडी एक निश्चित 3 साल की एफडी योजना जो जमाकर्ताओं के साथ साथ उनके आश्रितों या प्रियजनों के लिए बचत और सुरक्षा का एक आदर्श संयोजन प्रदान करती है।

SHRI BALINATH GIRLS INSTITUTE OF EDUCATION AND MANAGEMENT DEPARMENT OF PHARMCY
ALADADPUR TRIVEDIGANJ BARABANKI Ph. 7355656780

Required

Principal-1, assistant professor/lecturers-4 ,store keeper-1, Lab technician-2 Lab Assistant-1 – Qulification/ Pay scale : as per PCI /BTEUP norms .
Intersted condidates should send their resume &essential documents on college email.sbngiem.2020@gmail.com within 7 day from the date of issue of advt. **Manager**

हेतु सदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप

न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी स्थान लखनऊ जि0 लखनऊ वादं सं0 182 सन् 2022
अशोक कुमार बाजपेई..... वादी बनाम
श्रीमती आशा बाजपेई पत्नी राजकुमार बाजपेई नि0 ग्राम महिगवां पर0 महोना तह0 बक्शी का तालाब, जनपद लखनऊ.. ..... प्रतिवादी
चूंकि उपरोक्त नामांकित उपरोक्त ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवदेन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 04.11.2022 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्स जाता हूं और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक– 14.10.2022 के दिवस को दिखाई गयी।

न्यायालय की मोहर

याहू मेल ऐप एंड्रॉयड और आईओएस पर लॉन्च

मुम्बई। याहू ने याहू मेल के लिए नई सुविधाओं के लॉन्च की घोषणा की। ये खूबियां उपभोक्ताओं को उनके इनबॉक्स के लिए बाजार में सर्वप्रथम उपलब्ध अनुभव प्रदान करेंगी, जिससे समय की बचत होगी और उत्पादकता बढ़ेगी। याहू मेल के नए अपडेट उन उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करते हैं जो महामारी के बाद से अधिक ऑनलाइन काम कर रहे हैं और अपनी डिजिटल जीवन शैली का समर्थन करने के लिए अपने इनबॉक्स को प्रबंधित और वैयक्तिकृत करना चाहते हैं। नए अपडेट याहू मेल की प्रमुख पेशकशों को और अधिक बढ़ाते हैं जो प्रतिदिन लाखों उपयोगकर्ताओं को जोड़ते हैं। जिसमें एक टीबी मुफ्त स्टोरेज की उपयोगकर्ता पसंदीदा सुविधा शामिल है। न्यू याहू मेल ऐप उपयोगकर्ताओं की बातचीत और रुचियों के आधार पर उनके जीवन को आसान बनाता हैए जबकि उपयोगकर्ताओं को सबसे महत्वपूर्ण जानकारी तक त्वरित एवं आसान पहुँच प्रदान करने के लिए विश्व स्तरीय उपयोगिताएँ प्रदान करता है। याहू कम्युनिकेशंस के जीएम और एसवीपीए जोश जैकबसन ने कहा याहू मेल 25 वर्षों से उपभोक्ताओं के जीवन का एक हिस्सा रहा है, इसलिए हम जानते हैं कि लोगों के लिए यह कितना महत्वपूर्ण है कि वे जल्दी से अपनी जरूरत की चीजें ढूंढ लें, चाहे वह कल की उड़ान का समय हो या दोस्तों के साथ सप्ताहांत की छुट्टी के दौरान किया गया खर्च। ये नई सुविधाएँ लोगों की प्रतिक्रियाओं उनके सुझावों एवं अपेक्षाओं को बेहतर ढंग समझ पाने की हमारी कुशलता का परिणाम हैं कि उन्हें क्या चाहिए और कौन सी खूबियां याहू मेल को उनका अभिन्न अंग बनाती हैं।

के2 ज़ेनॉक्स ने व्यावसायिक रणनीति की घोषणा की

नई दिल्ली। टीएमटी बार द इंटेलीजेंट स्टील विनिर्माता कंपनी के2 ज़ेनॉक्स ने सेंट्रल उत्तर प्रदेश में टीएमटी बार्स की अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अपनी व्यावसायिक रणनीति की घोषणा की है। रणनीति के हिस्से के रूप में कंपनी ने सेंट्रल उत्तर प्रदेश रीजन के डीलरों के लिए चैनल पार्टनर्स मीट का आयोजन किया और कंपनी की विकास योजना के बारे में चर्चा की है। बैठक में लगभग 300 डीलरों ने भाग लिया जहां पर ऋषि कत्याल, निदेशक, पेनाम इण्डस्ट्रीज ने भी भाग लिया। के2 ज़ेनॉक्स की तरफ से सुनील अग्रवाल, निदेशक ने श्रीमती कविता मिश्रा, एजीएम, के2 ज़ेनॉक्स के साथ इस कार्यक्रम को संबोधित किया और डीलरों के प्रयासों की सराहना की। इसके अलावा कंपनी सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपनी टीएमटी बार की उत्पादन क्षमता को इस वित्त वर्ष के अंत तक 84000 मीट्रिक टन प्रीमियम टीएमटी बार से बढ़ाकर 120000 मीट्रिक टन करने की भी योजना बना रही है। के2 ज़ेनॉक्स के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा के2 ज़ेनॉक्स के विकास और देश के नम्बर एक ब्रांड बनने में सेंट्रल उत्तर प्रदेश एक महत्वपूर्ण बाजार है।

गुजरात सरकार से मिला आर्डर

अहमदाबाद। एलएंडटी कंस्ट्रक्शन के वाटर एंड एफ्लुएंट ट्रीटमेंट बिजनेस को गुजरात सरकार के नर्मदा जल संसाधन, जल आपूर्ति और कल्पसर विभाग से ऑर्डर मिले हैं। यह आदेश टप्पर बांध से निरोना बांध उत्तरी लिंक तक पंपिंग सिस्टम और पाइपलाइन से संबंधित कार्यों को पूरा करने से संबंधित है। यह गुजरात में बिजनेस द्वारा हासिल किया गया सबसे बड़ा एकल ऑर्डर है। कार्य के दायरे में संबंधित विद्युत और स्वचालन कार्यों के साथ पंप हाउसों और पाइपलाइनों का डिजाइनए आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग शामिल है। टर्नकी परियोजना का उद्देश्य गुजरात के कच्छ जिले में 36392 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई करने वाले मौजूदा जलाशयों को भरकर जल संसाधनों को मजबूत करना है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सुलतानपुर–अमेठी वृत्त, लो0नि0वि0, सुलतानपुर
E-mail Id- sepwdsuamethi01@gmail.com
पत्रांक :– 2990/1काम–सु0अ0वृ0/2022–23 दिनॉक :–11.10.2022

राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर–अमेठी वृत्त, लो0नि0वि0, सुलतानपुर द्वारा प्रति"ात दर पर उत्तर प्रदे"ा लोक निर्माण विभाग में रोड कार्य हेतु रजिस्टर्ड अर्ह ठेकेदारों से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नांकित कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह अर्हता के सम्बन्ध में नियम व शर्तो से अवगत हो ले।

क्र0 सं0	खण्ड का नाम	मार्ग का नाम	निविदा की लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)
1	2	3	4	5
1	निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0, सुलतानपुर	विभागीय हॉट मिक्स प्लांट द्वारा मुसाफिरखाना देवरा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	74.00	5.70
2	निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0, सुलतानपुर	विभागीय हॉट मिक्स प्लांट द्वारा कुड़वार धम्मौर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	73.00	5.65

निविदा आनलाईन दिनांक 17.10.2022 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 29.10.2022 की दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 29.10.2022 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा सम्बन्धी सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(विजय कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0
सुलतानपुर

(राकेश कुमार चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
सु0अ0वृत्त, लो0नि0वि0
सुलतानपुर

उ0प्र0 180134 दिनांक– 13.10.2022 www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है

कार्यालय अधिक्षण अभियन्ता
विद्युत कार्य मण्डल,
मध्यॉंचल विद्युत वितरण निगम लि0 अयोध्या
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों से अल्पकालीन ई–निविदा दो भागों में निम्न विवरण अनुसार उ.प्र. सरकार के पोर्टल www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 28.10.2022 को 12:00 बजे तक तथा प्रथम भाग के खुलने की तिथि दिनांक 29.10.2022 को 12:00 बजे है। निविदा का प्रथम व द्वितीय भाग www.etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जाएगा। निविदा के पुर्नप्रकाशन, अवधि विस्तारण, शुद्धिपत्र, संशोधन अथवा निरस्तीकरण की सूचना www.etender.up.nic.in पर ही प्रकाशित होगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने/संशोधन करने/विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

निविदा का विवरण निम्नवत् है:–

क्र0 सं0 1 ई–निविदा संख्या 05/अधी0अभि0/वि0का0मं0/अयो0/2022–23 कार्य का नाम अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य मण्डल, अयोध्या के विभागीय कार्यों के सम्पापदन हेतु 01 अदद् कम्प्यूटर सिस्टम तथा 01 अदद् प्रिन्टर की आपूर्ति का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में रू0 1180.00 जी0एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) धरोहर धनराशि (रू0) 750.00

क्र0 सं0 2 ई–निविदा संख्या 06/अधी0अभि0/वि0का0मं0/अयो0/2022–23 कार्य का नाम अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत माध्यमिक कार्य खण्ड, अयोध्या हेतु 12 माह के लिए 01 अदद् डीजल चलित वाहनमय चालक की आपूर्ति का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में रू0 1180.00 जी0एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) धरोहर धनराशि (रू0) 2640.00।

पत्रांक:169/वि0का0मं0/अयो0/ई–निविदा/2022–23 दिनांक : 13.10.2022
अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कार्य मण्डलद अयोध्या

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इण्टरमीडिएट वर्ष 2022 अनु0 2226477434 मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। अर्चना यादव मवैया शुक्ल बाजार अमेठी।

सूचना

मेरे ई डब्लू एस भवन संख्या ई–2/226, विनय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ जो कि उपनिबंधक द्वितीय लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 21.01.2012 को क्रमांक 971 पर पंजीकृत है। उक्त भवन का मूल आवंटन पत्र एवं मूल कब्जा प्रमाण पत्र मुझसे कहीं खो गया है काफी ढूढने पर नहीं मिला है किसी अन्य द्वारा इसका उपयोग अवैध होगा। परमानन्द पाण्डेय मो0– 9454500500

सूचना

मेरे ई डब्लू एस भवन संख्या ई–2/225, विनय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ जो कि उपनिबंधक द्वितीय ल